# महामारी के दौर में सहकारी संघवाद

## प्रीलिम्स के लिये

सहकारी संघवाद, आपदा प्रबंधन अधिनियिम, 2005

## मेन्स के लिये

सहकारी संघवाद: अर्थ, महत्त्व और चुनौतियाँ

## चर्चा में क्यों?

हाल के दनिों में कई वशिषज्ञों ने केंद्र सरकार पर COVID-19 महामारी के दौर में भारतीय संघवाद को कमज़ोर करने का आरोप लगाया है।

## प्रमुख बदिु

- उल्लेखनीय है कि आज़ादी के पश्चात् भनि्न-भनि्न प्रकार की परसि्थतियों ने भारतीय संघवाद और भारतीय लोकतंत्र का अपने-अपने ढंग से परीक्षण कयि और प्रत्येक चुनौती में भारतीय लोकतंत्र ने नए-नए प्रतमिान स्थापति कयि, कति देश में नवीनतम परसि्थतियों जैसी चुनौती कभी भी देखने को मलिी, यह समय न केवल भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली के लिये चुनौतीपूर्ण है बल्कि भारतीय संघीय ढाँचे के लिये भी एक संकट का समय है।
- वशि्लेषकों का मत है कि COVID-19 संकट को सक्रयि रूप से हराने में भारत की सफलता पूर्ण रूप से केंद्र-राज्य सहयोग पर टकिी हुई है। यह वास्तव में संघवाद के प्रति भारत की प्रतबिद्धता है जो वर्तमान समय में सर्वाधकि तनाव के अधीन है।

## संघवाद और सहकारी संघवाद

- ज्ञातव्य है कि संघवाद (Federalism) शब्द की उत्पत्ति लैटनि शब्द 'Foedus' से हुई है जसिका अर्थ एक प्रकार के समझौते या अनुबंध से होता है। वास्तव में महासंघ दो तरह की सरकारों के बीच सत्ता साझा करने और उनके संबंधति क्षेत्रों को नयिंत्रति करने हेतु एक समझौता होता है।
- इस आधार पर कहा जा सकता है कि संघवाद सरकार का वह रूप है जसिमें देश के भीतर सरकार के कम-से-कम दो स्तर मौजूद हैं- पहला केंद्रीय स्तर पर और दूसरा स्थानीय या राज्य स्तर पर। भारत की स्थति में संघवाद को स्थानीय, केंद्रीय और राज्य सरकारों के मध्य अधिकारों के वतिरण के रूप में परभिाषति कयिा जा सकता है।
- केंद्र और राज्य सरकार के बीच संबंधों के आधार पर संघवाद की अवधारणा को दो भागों में वभिाजति कयिा गया है (1) सहकारी संघवाद (2) प्रतस्पिर्द्धी संघवाद।
    - **सहकारी संघवाद** में केंद्र व राज्य एक-दूसरे के साथ क्षैतजि संबंध स्थापति करते हुए एक-दूसरे के सहयोग से अपनी समस्याओं को हल करने का प्रयास करते हैं। सहकारी संघवाद की इस अवधारणा में यह स्पष्ट कयिा जाता है कि केंद्र और राज्य में से कोई भी कसिी से श्रेष्ठ नहीं है।
    - **प्रतस्पिर्द्धी संघवाद** में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के मध्य संबंध लंबवत होते हैं जबकि राज्य सरकारों के मध्य संबंध क्षैतजि होते हैं। प्रतस्पिर्द्धी संघवाद में राज्यों को आपस में और केंद्र के साथ लाभ के उद्देश्य से प्रतस्पिर्द्धा करनी होती है।
- ब्रटिशि राष्ट्रमंडल के संवधिान वशिषज्ञ के. सी. व्हेअर (K.C. Wheare) के अनुसार, संघवाद पारंपरकि रूप से क्षेत्र वशिष्टि में एक देश की संघ और राज्य सरकारों की स्वतंत्रता का प्रतीक है।
- जब संवधिान सभा के सदस्यों ने अमेरकिा, कनाडा, ऑस्ट्रेलयिा और स्वटि्ज़रलैंड जैसे अन्य महान संघों के संवधिानों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कयिा, तो उन्होंने भारतीय गणतंत्र की आवश्यकता के अनुरूप एक प्रणाली तैयार करने हेतु 'पकि एंड चूज़' (Pick and Choose) की नीति अपनाई।
- परणिामस्वरूप, भारत की संवधिान सभा 'सहकारी संघवाद' को अपनाने के लिये वशि्व में पहली बार नरि्वाचति नकिाय बन गई।

## COVID-19 के दौर में सहकारी संघवाद पर संकट

- मौजूदा दौर में कोरोनावायरस (COVID-19) वशि्व के लगभग सभी देशों को बुरी तरह से प्रभावति कर रहा है, जसिमें समृद्ध और चकित्सिकीय रूप से उन्नत पश्चमिी देश भी शामलि हैं। कोरोनावायरस संक्रमण का आँकड़ा वैश्वकि स्तर पर 44 लाख के पार जा चुका है, भारत में भी यह संख्या दनि-

प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

- इस वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं, किंतु देश में कई विशेषज्ञों ने COVID-19 के संबंध में कुछ हालिया घटनाक्रमों के आधार पर केंद्र-राज्य संबंधों में आए तनाव पर चिंता ज़ाहिर की है।
    - उदाहरण के लिये केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का रेड (Red), ऑरेंज (Orange) और ग्रीन (Green) ज़ोन में किये गए वर्गीकरण का विभिन्न राज्य सरकारों ने विरोध किया है। राज्यों ने केंद्र सरकार से इस प्रकार के वर्गीकरण में अधिक स्वायत्तता की मांग की है।
- विदित हो कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 जिसके तहत केंद्र द्वारा राज्यों को COVID-19 संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये जा रहे हैं, केंद्र सरकार के लिये राज्यों के साथ परामर्श को अनिवार्य करता है। किंतु केंद्र के हालिया कई निर्णयों में इस बाध्यता का पालन नहीं किया गया है।
- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 11 के तहत एक 'राष्ट्रीय योजना' बनाने की परिकल्पना की गई है, साथ ही अधिनियम की धारा 11 (2) इस 'राष्ट्रीय योजना' को तैयार करने से पूर्व राज्य के परामर्श को अनिवार्य करता है।
- हालाँकि, केंद्र सरकार ने अभी तक 'राष्ट्रीय योजना' तैयार नहीं की है, इसके स्थान पर COVID-19 का मुकाबला करने के लिये केंद्र सरकार राज्यों को '**तदर्थ बाध्यकारी दिशा-निर्देशों**' (Ad Hoc Binding Guidelines) जारी कर रही है।
    - इस प्रकार के दिशा-निर्देश राज्य के परामर्श के विधायी जनादेश को दरकिनार करते हैं।
- केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि वे निगम जिन्होंने PM-CARES फंड में दान दिया है, CSR छूट का लाभ उठा सकते हैं, किंतु मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देने वाले लोग इसका लाभ प्राप्त नहीं कर सकते हैं।
- इस प्रकार यह निर्णय मुख्यमंत्री राहत कोष में दान को हतोत्साहित करता है और राज्यों को वित्तीय सहायता के लिये केंद्र पर और अधिक निर्भर बनाता है।
- इसके अतिरिक्त देश में लंबे समय तक शराब बिक्री पर रोक लगी रही, जिसके कारण राज्यों का राजस्व काफी कम हो गया है। हालाँकि अब देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में शराब पर प्रतिबंध हटा दिये गए हैं।
    - वहीं पेट्रोल और डीज़ल की शून्य बिक्री के कारण भी राज्यों को राजस्व की कमी का सामना करना पड़ रहा है।
- इन सभी कारणों के परिणामस्वरूप राज्यों के लिये वेतन, पेंशन और कल्याणकारी योजनाओं के खर्चों को उठाना अपेक्षाकृत काफी मुश्किल हो गया है।

## निष्कर्ष

- उल्लेखनीय है कि राज्य वे पहली इकाई होते हैं, जो किसी भी आपदा अथवा महामारी (मौजूदा समय में COVID-19) के समय में पहली प्रतिक्रिया देते हैं, इस प्रकार पर्याप्त धन राशि की आपूर्ति करना संकट से प्रभावी ढंग से निपटने की पूर्व आवश्यकता बन जाता है। किंतु मौजूदा समय में केंद्र सरकार द्वारा जिस प्रकार के निर्णय लिये जा रहे हैं, वे स्पष्ट तौर पर इस सिद्धांत का उल्लंघन कर रहे हैं। आवश्यक है कि केंद्र सरकार राज्यों को बराबरी में देखे और स्वयं पर निर्भरता बढ़ाने के स्थान पर उनकी क्षमता को मज़बूत करे।

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reaffirm-cooperative-federalism